हरिभूमि
विंध्य भूमि
जबलपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


## खबर संक्षेप

### महापौर ने पौराणिक टोला में सीसी सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन



**सतना।** नगर के वार्ड क्रमांक 04 पौराणिक टोला क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने रविवार को 36.36 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधिवत भूमि पूजन किया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। इससे बारिश के मौसम में होने वाली कीचड़ और जलजमाव की समस्या समाप्त होगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और निर्माण समिति के अध्यक्ष गोपी गेलानी सहित अनेक पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### माघ मेलाः इटारसी–प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस अब चुनार तक जाएगी

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) ने माघ मेला 2026 के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 11273/11274 इटारसी–प्रयागराज छिवकी– इटारसी एक्सप्रेस को अस्थायी रूप से चुनार स्टेशन तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह विस्तार 47 दिनों के लिए लागू रहेगा। 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस (चुनार तक): 01 जनवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक चलेगी। 11274 चुनार- प्रयागराज छिवकी- इटारसी एक्सप्रेसः 02 जनवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक चलेगी। 11273: प्रयागराज छिवकी (09:55/10:15 बजे) होते हुए 13:55 बजे चुनार पहुंचेगी। 11274: चुनार से 16:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी (19:45/20:15 बजे) होते हुए इटारसी जाएगी। विस्तारित अवधि में ट्रेन के अन्य स्टॉपेज और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### मैहर में दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

**सतना।** प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल के निर्देशों के परिपालन में द्वितीय चरण की जिला स्तरीय दुग्ध सम्पर्क अभियान के तहत कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सहकार्यशाला मैहर में आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र के अधिकारियों,मैत्री गौ-सेवकों एवं पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के लिए अधिक से अधिक गाय-भैसों में सेक्स सार्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधारण कार्य करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पशुओं में रोग प्रतिरोधक टीकाकरण,पशु पोषण हरा चारा का उत्पादन,नवीन मिल्क सोसायटी का गठन एवं मिल्क रूट के लिए उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि पशु पालकों की आय दुग्ध उत्पादन से बढेगी तथा अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व विकलांगता दिवस पर चौपाटी और व्यंकट क्रमांक 1 में कार्यक्रम आज

**सतना।** विश्व विकलांगता दिवस के उपलक्ष्य में समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन 3 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्र.1 सतना में किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता,100 मीटर दौड,गोला फेंक,कुर्सी दौड,निम्बू दौड,गायन एवं नृत्य, चुटकुले, भाषण, कविता,चित्रकला,फैंसी ड्रेस तथा अन्य संबंधित प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## 'सॉरी पापा... उस लड़की ने मेरी फीलिंग्स के साथ खिलवाड़ किया'

# फाइनेंस मैनेजर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या








**सतना।** जिले के ट्रांसपोर्ट नगर में एक फाइनेंस कंपनी के 26 वर्षीय मैनेजर शिवमोहन सिंह ने सोमवार को अपने ऑफिस चैंबर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक भावुक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने अपनी मौत का जिम्मेदार एक लड़की को ठहराया है और अपने पिता से मार्मिक अपील की है। रीवा जिले के सगरा देवतालाब निवासी शिवमोहन सिंह ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मेरी मौत की जिम्मेदार वह लड़की है, उसने मेरी फीलिंग्स के साथ बहुत खिलवाड़ किया है। उन्होंने अपने अकेलेपन और शराब पीने की बात का भी जिक्र किया। शिवमोहन ने अपने पिता से अपील की है कि वह उनकी पत्नी स्वाती की दूसरी शादी करा दें और गिरवी रखी हुई उनके बेटे 'गोलू' की स्कूटी को छुड़वा लें। उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा के रूप में अंग दान करने की बात भी लिखी है। कर्मचारियों की सूचना पर पहुंचे शिवमोहन के मामा ने जब दरवाजा तोड़ा तो उन्हें फंदे पर लटका पाया। कोलगवां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है और सुसाइड नोट में जिक्र की गई 'लड़की' समेत अन्य पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में ज़ीरो परिणाम पर छात्राओं का आक्रोश, कॉलेज गेट पर जड़ा ताला



**सतना।** इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (एपीएसयू), रीवा द्वारा घोषित परिणाम संबंधी अनियमितताओं को लेकर छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में छात्राओं ने कॉलेज गेट पर ताला जड़कर सड़क के एक छोर पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम राहुल सिलड़िया,सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।छात्राओं ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर परिणाम संबंधी गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। छात्राओं का आरोप है कि विवि द्वारा रिजल्ट घोषित करने पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ियाँ होती हैं,जिसमें कई बार सैकड़ों छात्राओं को प्रमुख विषयों में 'जीरो' अंक दिए जाते हैं,जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है।

### प्रदर्शन के दौरान नोक-झोंक

प्रदर्शन के दौरान एक गर्भवती छात्रा को बाहर निकालने के प्रयास में एसडीएम और एबीवीपी कार्यकर्ता के बीच हल्की नोक-झोंक भी हुई। एसडीएम के कहने पर ताला खोलने के दौरान छात्र नेता ने बहस की और बाद में छात्र नेताओं ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी भी की। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी नहीं बनाया गया और समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया,तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## युवती ने नस काटकर किया आत्महत्या का प्रयास, प्रेमी पर कानूनी कार्रवाई की मांग



**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र की नई बस्ती में सोमवार देर रात एक युवती ने अपने प्रेमी से हुए विवाद के बाद हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के तुरंत बाद,गंभीर अवस्था में युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार युवती फोन पर अपने प्रेमी अमित कुशवाहा निवासी ताला से बात कर रही थी। शादी की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया, जिसके बाद युवती ने आवेश में आकर ब्लेड से अपनी नस काट ली। युवती ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से अमित के साथ संबंध में है और उससे विवाह करना चाहती है, लेकिन अमित तैयार नहीं है। परिजनों ने बताया कि छह माह पहले भी युवती ने इसी कारण से आत्महत्या का प्रयास किया था,तब भी शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। इस बार,अस्पताल में भर्ती युवती ने अपने प्रेमी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

## विन्ध्य व्यापार मेलाः उपलब्ध रहेगी डॉक्टर्स की टीम




### स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला 2025 का आयोजन 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक बीटीआई ग्राउण्ड में आयोजित किया जा रहा है। चेम्बर मंत्री हरिओम गुप्ता ने बताया कि व्यापार मेला स्वास्थ्य समिति की बैठक सोमवार को चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा एवं संयोजक डॉ.प्रवीण श्रीवास्तव की विशेष उपस्थित में शहर के कई वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ चेम्बर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने उपस्थित सभी चिकित्सको का स्वागत करते हुए व्यापार मेले में चिकित्सा शिविर विभिन्न रोगो की जांच एवं स्वास्थ्य के प्रति जनजागरण के लिए सभी चिकित्सकों से सहयोग करने की अपील की है। स्वास्थ्य समिति के संयोजक डॉ.प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि मेले में प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया जायेगा एवं मेले में प्रतिदिन अलग-अलग विधाओं के चिकित्सकों द्वारा मंच के माध्यम से गंभीर बीमारी से बचने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में हुई उपलब्धियों के बारे में सेमिनार लगा कर आम जनमानस को जागरूक किया जायेगा ताकि मरीज अपना इलाज समय से करा सके उपस्थित सभी डॉक्टरो ने विन्ध्य व्यापार मेला में हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा दिलाया है।

## कलेक्टर ने सुनी 94 आवेदकों की समस्यायें



**सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 94 आवेदकों की समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।**




इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम एलआर जांगडे द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,दिव्यांग मोटराईज्ड ट्राईसिकिल दिलाने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 39 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 39 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजना जैन,एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर पर भ्रम फैलाने वालों को तथ्यात्मक जवाब दें: पांडेय



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के सतना जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने चित्रकूट विधानसभा के कोहारी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची और एसआईआर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए कार्यकर्ताओं से तथ्यात्मक जानकारी के साथ मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि एसआईआर का उद्देश्य सूची को स्वच्छ,शुद्ध और विश्वसनीय बनाना है, न कि किसी का नाम हटाना। यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और अपात्र नाम हट जाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 4 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में बूथ स्तर पर सक्रिय होकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और नए सदस्यों के नाम जोड़ने में मदद करने तथा दोहरे नामों पर आपत्ति दर्ज कराने का निर्देश दिया। यह अभियान 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की ओर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में पान-गुटखा खाकर थूकने पर लगेगा 500 रूपये का जुर्माना

**सतना।** अपर कलेक्टर सतना विकास सिंह ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में लगने वाले समस्त विभागों के कार्यालय प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारियों को सूचित किया है कि कलेक्ट्रेट परिसर के गलियारों में,दीवारों पर एवं बाथरूम में पान-गुटखा खाकर उसकी पीच जगह-जगह पर थूक दी जाती है। जिससे परिसर काफी गंदा हो जाता है। इसी प्रकार बाथरूम में पान-गुटखा खाकर थूकने के कारण बाथरूम एवं वासवेसिंग के पाइप जाम हो जाते हैं,जिससे बाथरूम से पानी की निकासी ना होने पर बदबू आने लगती है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा 1 दिसम्बर 2025 को भ्रमण के दौरान परिसर में जगह-जगह पान-गुटखा की पीक की गंदगी होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई है। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर पान-गुटखा खाकर थूकना प्रतिबंधित किया गया है। उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ 500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

### ग्रामोदय विवि के नए कुलगुरु ने कार्यभार संभालकर ली पहली बैठक



**सतना।** चित्रकूट में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु प्रो.आलोक चौबे ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों की पहली मासिक बैठक ली। उन्होंने विश्वविद्यालय के आर्थिक,अकादमिक,प्रशासनिक और तकनीकी विकास के लिए एक आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन कुलसचिव प्रो.आर सी त्रिपाठी ने किया। कुलगुरु ने विभिन्न पाठ्यक्रमों,छात्रों की संख्या और संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने पिछली बैठकों के निर्णयों के पालन,परीक्षा परिणामों की स्थिति,आगामी परीक्षाओं की तैयारी,और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को शुरू करने के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की। इस दौरान अकादमिक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को स्वेटर, टोपा का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

**तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेवरी की समाज सेवी संस्था युवाजन सेवा समिति के द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शीतकाल समय मै शासकीय विद्यालयों मै अध्ययनरत विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर, जूते, टोपा व मौजे का वितरण शुरू कर दिया गया है।**

सोमवार को युवा जन सेवा समिति के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला लिगरी एवं आंगनवाड़ी केंद्र लिगरी में युवाजन सेवा समिति, छात्र सभा के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अन्य विशिष्ट गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विद्यालय में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं तक आंगनवाड़ी के 95 विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर,मोजे, टोपे और जूते का वितरण किया गया। ठंड के इस मौसम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं जैसे गर्म कपड़े प्राप्त हुए उनके चेहरे की मुस्कान देखते ही बनती थी। विदित हो कि समिति द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण,स्वच्छता रैली,कम्बल वितरण कार्यक्रम, बाढ़ आपदा, नेकी की दीवार आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इस दौरान सरपंच राजाराम राजपाल, अवसर सिंह धुर्वे, पुरुषोत्तम सिंह, सिंघई अनिल जैन, संतोष जैन, कोदू लाल हल्दकार, समिति के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्रनाथ झारिया,समिति अध्यक्ष बसंत जायसवाल, सचिव रामशरण जायसवाल, बलवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, अजय गर्ग,सुरेन्द्र झारिया ,दिनेश झारिया, श्याम लाल जायसवाल, अवधेश रजक,सचिव महेंद्र कुशवाहा, प्रशांत जैन,सुखदेव सोनी,शोभना गुप्ता, विमला रैदास, सोनू जसूजा, देवेंदु यादव,आदर्श सिंह,श्रेयांश गुप्ता,अनुज गुप्ता, मयंक चौबे व अन्य समिति कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### बंधा बरियारपुर बांध के पुल निर्माण कार्यकी मिली स्वीकृति



**पन्ना।** जिले के तहसील अजयगढ़ क्षेत्र से छतरपुर जिला (खजुराहो) जाने हेतु ग्राम वासियों को पन्ना से होकर छतरपुर जिला जाना पड़ता था जिससे लगभग 60 किलोमीटर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी उक्त समस्या के निवारण के लिए पन्ना विधायक द्वारा बंधा बरियारपुर के नीचे के नदी पर पुल निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर सतत प्रयास करते रहे जिसके फलस्वरुप दिसंबर 2025-26 के अनुपूरक बजट में बंधा बरियारपुर के नीचे केन नदी पर पुल निर्माण कार्य लागत राशि रुपए 36 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई जिससे अब अजयगढ़ क्षेत्र के समस्त ग्राम वासियों को छतरपुर जिले (खजुराहो) जाने हेतु पन्ना से न होकर मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर सीधा संपर्क हो सकेगा। क्षेत्र की इस बड़ी उपलब्धि पर पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी माननीय लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं खजुराहो सांसद बीडी शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### धान खरीदी केंद्रो में न वारदाना पहुंचा न ही सर्वेयर किसान परेशान



**गुनौर।** लम्बे इंतजार के बाद दो दिसम्बर से होने वाली धान खरीदी केंद्रो में किसान अपनी अपनी धान ले कर खरीदी केंद्रो पर पहुंच रहे है परंतु खरीदी केंद्रो में अभी तक न तो वारदाना पहुंचा है न ही सर्वेयर जिसके कारण किसान परेशान हो रहे है किसानों का कहना है कि जब संबंधित समिति प्रबंधकों से बात की गई तो उनका कहना है कि अभी वारदाना उपलब्ध नहीं हुआ है न ही अभी सर्वेयर आए है थोड़ा समय लगेगा लग भग दो तीन दिन में खरीदी सुचारू रूप से होने लगेगी अब किसानों को धान खरीदी केंद्रो में ही रख कर इंतजार करना पड़ेगा। अब किसानों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा दी गई तारीख पर धान खरीदी नहीं होने से असुविधा हो रही है समाचार पत्रों के माध्य से जिले के कलेक्टर से जल्द खरीदी केंद्रो में धान खरीदी चालू करने की अपील की है अब प्रशासन इसकी व्यवस्था कब तक सुचारू रूप से करता है।

### चलती बाइक से गिरी महिला, गंभीर हालत



**अमानगंज।** किषनगढ़ मुख्य सड़क मार्ग हिनौती ग्राम के पास मंगलवार षाम 7 बजे एक चलती मोटर बाइक से 45 वर्शीय महिला नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस व 112 को सूचना दी। घायल महिला की पहचान चंद्रमुखी पति कुंज बिहारी पटेल, उम्र 45 वर्श, निवासी मोहार के रूप में हुई है। गिरने से महिला को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद 112 वाहन के स्टाफ प्रधान आरक्षक कल्पना बागरी पायलट जय कुषवाह ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डष्क्टरों ने उन्हें कटनी रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आवष्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल



**अमानगंज।** रककू ढाबा के पास मंगलवार शाम 6 बजे एक ट्रैक्टर और मोटर बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। घायल युवक की पहचान कामता पिता हरिराम (28 वर्ष), निवासी हरदुआ खमरिया के रूप में हुई है। टक्कर लगते ही युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और उसे चोटें आईं। सूचना मिलने पर एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुँची तथा घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्टर ने अजयगढ़ में की जनसुनवाई



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने मंगलवार को तहसील कार्यालय अजयगढ़ के सभाकक्ष में जनसुनवाई कर आवेदकों की समस्याओं को सुना और मौके पर निराकरण के साथ ही वांछित कार्रवाई वाले आवेदनों पर नियत समय में समस्या का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

---

हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम बेहतर छात्र-छात्राओं का तय हो सके लक्ष्य, प्रशासन के मुखिया व सीईओ जिला पंचायत ने दिये निर्देश

# शत प्रतिशत हो परीक्षा के परिणाम

जिले में हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी वोर्ड परीक्षा में विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षा परिणाम का बेहतर मुकाम तय करने को लेकर छात्र-छात्राओं की परीक्षा से संबंधित तैयारी को लेकर परीक्षाओं के पहले ही फोकस जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी, जिला षिक्षा अधिकारी रवि प्रकाष खरे सहित डीपीसी अजय कुमार गुप्ता की उपस्थिति में समस्त प्राचार्यो की बैठक लेकर लक्ष्य के साथ परीक्षा परिणाम को ध्यान मे रखकर छात्र-छात्राओं की तैयारी कराने के साथ शत-प्रतिषत परीक्षा में विद्यार्थियों को सफलता मिले जिसको लेकर महत्वपूर्ण बैठक डाईट सभागार पन्ना में हुई सम्पन्न।





**पन्ना।**

षिक्षा से ही सम्पूर्ण विकास की दिषा तय होती है वहीं जिले में षिक्षा की गुणवत्ता को लेकर जहां कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार व सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी लक्ष्य के साथ हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में सफलता को लेकर जहां विषेषतौर पर प्राचार्यों की बैठक लेकर उन्हें विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी वन लाईनर यानि की तैयारी को ध्यान में रखते हुए प्रष्न को ध्यान में रखकर परीक्षा की तैयारी अभी से कराये जाने को लेकर जहां प्राचार्यों को जिम्मेदारी दी गई गौरतल बात तो यह है कि विगत वर्ष भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी ने विषेष प्रष्नों को फोकस करते हुए तैयारी करवाई थी परीक्षाओं को लेकर जिससे कहीं न कहीं जिले का परीक्षा परिणाम जो सफलता को लेकर जाना गया था। सायद उसी तरह अब लक्ष्य के साथ हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी परीक्षा में शत-प्रतिषत विद्यार्थियों को सफलता मिल सके इसको लेकर महत्वपूर्ण बैठक जो प्राचार्यों की डाईट सभागार में ली गई जहां सीईओ जिला पंचायत ने साफतौर पर कहा कि बच्चों को लिखने की भी प्रेक्टिस कराये साथ ही दक्ष बनाने के साथ-साथ सभी बच्चों को पास कराने के लिए स्वयं भी लक्ष्य साधे षिक्षक। वहीं जो प्राचार्य बेहतर परीक्षा परिणाम तय करेगें उन्हें सम्मान से नवाजा जायेगा। इतना ही नहीं एकीक्रत विद्यालयो के प्रांगणों की साफ-सफाई व सभी बच्चों को स्कूल आने के लिए भी प्रेरित करें। हमारे जिले का परीक्षा परिणाम अच्छा अये जो हमारे लिये गर्व की बात हो। वहीं जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार ने समस्त प्राचार्यों से कहा कि सभी बच्चों को 25 जनवरी तक जरूर विद्यालय बुलाये व प्रेक्टिस करायें। कैसे पेपर देते है बच्चों को पैटर्न बताकर पढ़ाये। वर्तमान में बच्चे मोबाईल के माध्यम से यूटूब से बढ़ते है। बच्चों को प्रष्न हल कराने के लिए कैसे पढ़ाये स्वयं षिक्षक वन लाईनर की भाषा को सरल करते हुए बच्चों को पढ़ाये। वहीं जो सबसे कमजोर बच्चा हो उस पर भी टारगेट बनाकर पढ़ाये। सप्ताह में एक दिन तीन घंटे का समय देकर पेपर कराये। जिससे परीक्षा के समय सभी बच्चे पेपर देने के लिए तैयार रहे। बच्चो को स्कूल आने के लिए उनके अभिभावको से भी सम्पर्क करें। ताकि बच्चे स्कूल आये इस तरह से आगामी हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम की सफलता मिल सके जिसको लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विकास का आधार षिक्षा की गुणवत्ता से ही जाना जायेगा। जिसको लेकर जिला प्रषासन की मुखिया वहीं सीईओ जिला पंचायत के द्वारा जो इस तरह से लक्ष्य के साथ जो प्रेरणादायी मंत्र समस्त प्राचार्यों को षिक्षकों के माध्यम से छात्र-छात्राओं की सफलता परीक्षा परिणामों में साबित हो जो दिये गये है। निष्चित ही विभाग प्रमुख के नाते जिला षिक्षा अधिकारी ने समस्त प्राचार्यों को इंगित करते हुए कहा कि मात्र एक माह का समय वर्तमान में परीक्षाओं की तैयारी के लिए माना जा रहा है। जिस तरह से पिछले वर्ष बेहतर परीक्षा परिणाम तय हुआ था सफलता के मुकाम में वहीं इस वर्ष भी मैं स्वयं कलेक्टर महोदया व सीईओ जिला पंचायत महोदय को अस्वस्त करता हूं कि हम इस वर्ष हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना से भी बेहतर परिणाम लाने में सफल होगें वहीं धन्यवाद भी ज्ञापित किया। जिला प्रषासन की मुखिया व सीईओ जिला पंचायत का जिन्होंने परीक्षाओं में सफलता के मुकाम तय करने के लिए जिस तरह से हमें प्रेरित किया है निष्चितौर पर अब लक्ष्य के साथ परीक्षा की तैयारी प्राचार्य से लेकर षिक्षक व छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी जिम्मेदारी का निर्वाहन तय करना होगा जिससे जिले में परीक्षा का परिणाम लक्ष्य के साथ सफलता का मुकाम तय करने में जाना जायेगा। इस बैठक में कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार व सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के साथ-साथ जिला षिक्षा अधिकारी रवि प्रकाष खरे वहीं डीपीसी अजय कुमार गुप्ता, सहायक संचालक षिक्षा तथा जिले के समस्त बीईओ व हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल के सभी प्राचार्यों की उपस्थिति रही।

---

मारपीट के गंभीर मामले में धर्मपुर थाना पुलिस की कार्रवाई

## अजयगढ़ में अधिवक्ता सहित चार गिरफ्तार

**अजयगढ़।**

धमरपुर थाना पुलिस ने रामजश लोध पिता रामप्रसाद लोध निवासी चम्पतपुर मामले में आरोपीगण रामदयाल लोध अधिवक्ता रामदयाल सिंह (आर.डी. सिंह) सहित तीन अन्य लोगों को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार कर सोमवार को अजयगढ़ न्यायालय में पेश किया। अधिवक्ता के खिलाफ मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, बीते दिनों हुए विवाद के दौरान अधिवक्ता रामदयाल सिंह और उसके साथियों द्वारा एक व्यक्ति से मारपीट किए जाने की शिकायत दर्ज हुई थी। शिकायत के आधार पर धर्मपुर थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। साक्ष्य मिलने के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार आरोपियों में..**

अधिवक्ता रामदयाल सिंह (आर.डी. सिंह) पिता रज्जू उर्फ रज्जू प्रसाद लोध उम्र 52 साल 2. प्रीतम सिंह पिता रज्जू उर्फ रज्जू प्रसाद लोध उम्र 44 साल 3. नन्दलाल लोध पिता रज्जू उर्फ रज्जू प्रसाद लोध उम्र 48 साल 4. भानू उर्फ यशवंत लोध पिता रामदयाल लोध उम्र 24 साल सभी निवासी ग्राम चम्पतपुर थाना धरमपुर जिला पन्ना म.प्र. को गिरफ़्तार कर अजयगढ़ न्यायालय में पेष किया गया है। पुलिस थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने बताया कि सभी आरोपियों को विधि अनुसार आज अजयगढ़ न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। धर्मपुर थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की गई है और यदि आवश्यक हुआ तो अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

---

## सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्र नगर में गीता जयंती का गरिमामय आयोजन

### शासन निर्देशानुसार सम्पन्न कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्रों की उल्लेखनीय सहभागिता



**पन्ना।** सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में सोमवार को शासन तथा शिक्षा परिषद/विद्या भारती के निर्देशानुसार गीता जयंती उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य द्वारा मां वीणावादिनी के चित्र और भगवद्गीता पर तिलक-वंदन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य आकर्षण गीता के 15वें अध्याय का अर्थ सहित गीता वाचन रहा, जिसमें छात्रों और शिक्षकों की सहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक रही। विद्यालय परिवार ने गीता दर्शन के माध्यम से कर्तव्य, अनुशासन और जीवन-मूल्यों का सार आत्मसात किया। इस अवसर पर शिशु विकास समिति के अध्यक्ष आर.के. बागरी ने कहा -"सरस्वती विद्यालय की पहचान केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कारों के साथ शिक्षा देने की परंपरा है। गीता जयंती इसी धरोहर को आगे बढ़ाती है।" व्यवस्थापक रामलखन शुक्ल ने कहा "गीता जीवन का वास्तविक मार्गदर्शन है। बच्चों में इसके अध्यायों का अध्ययन चरित्र और आत्मबल दोनों को मजबूत करता है।" प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत ने कहा "गीता हमें निष्काम कर्म और सकारात्मक दृष्टिकोण सिखाती है। विद्यालय परिवार की सक्रियता इस कार्यक्रम को विशेष बनाती है।" प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव ने कहा "बच्चों ने जिस लगन से सहभागिता की, वह दर्शाता है कि संस्कारित शिक्षा आज भी उनकी पहली आवश्यकता है।" संस्कार और शिक्षा का समन्वय अन्य विद्यालयों की तुलना में सरस्वती विद्यालय की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम केवल औपचारिकता न होकर पूर्ण सहभागिता वाला संस्कारदृ आधारित आयोजन बन गया। विद्यालय प्रशासन ने इसे छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

---

तेज होती जीडीपी पर भाजपा नेत्री - रानी अजया सिंह का बयान

## "वैश्विक मंदी के बीच भारत की मजबूती प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों की देन"

**पन्ना।**

भारत की तेज़ होती आर्थिक वृद्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेत्री रानी अजया सिंह ने कहा कि ताज़ा जीडीपी आंकड़े स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न सिर्फ़ उभर रहा है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों और वैश्विक मंदी के दबावों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था का लगातार आगे बढ़ते रहना प्रधानमंत्री की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों, साहसिक सुधारों और स्वच्छ प्रशासनिक दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था का व्यापक विस्तार, निवेश के अनुकूल माहौल, वित्तीय अनुशासन, और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन जैसे कदमों ने भारत की



वृद्धि दर को स्थिरता और गति दोनों प्रदान की है। आज दुनिया इस बात को स्वीकार कर रही है कि भारत केवल तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक दिशा तय करने वाली एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। रानी अजया सिंह ने कहा कि तेज जीडीपी वृद्धि का लाभ प्रत्यक्ष रूप से युवाओं, किसानों, उद्यमियों और मध्यमवर्ग को मिल रहा है। सरकारी नीतियों के चलते निवेश में वृद्धि हुई है, नए रोजगार सृजित हुए हैं और आर्थिक गतिविधियों का दायरा व्यापक रूप से बढ़ा है, जिससे भारत का सामाजिक-आर्थिक ढांचा और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, "मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए साहसिक और निर्णायक निर्णय लिए। उन्हीं की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज भारत आत्मविश्वासी, सक्षम, और विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर स्थापित है।" उन्होंने कहा कि मजबूत जीडीपी ग्रोथ केवल केंद्र सरकार की नीतियों की सफलता नहीं है, बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के परिश्रम, विश्वास और संकल्प की भी जीत है।

---

## जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर में धान की तुलाई प्रारंभ

**पन्ना।**

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य सोमवार से प्रारंभ हो गया है। जिसमें मंगलवार को जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर में धान की तुलाई प्रारंभ हो गई है वहीं मंगलवार को दोपहर 3 बजे ऑपरेटर विक्रम सिंह बागरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि आज लगभग 5 किसान धान खरीदी केंद्र में आए थे जिनके पहले से स्लॉट बुक है उन किसानों की धान की क्वालिटी उच्च मानक में नहीं थी जिस कारण किसानों से बोला गया है कि किसान अपने धान को ग्रेडर कर शाफ स्वच्छ कर ले तभी धान की तुलाई की तुलाई होगी वहीं किसानों से भी अपील की है कि किसान अपने धन की स्लॉट बुकिंग करा कर और



अपने धान की ग्रेडिंग कर साफ स्वच्छ लाएं ताकि तत्काल धान की तोले की जा सके वही केंद्र पर आए किसान राजा भईया पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि हम घर से धान को थेसर में उड़कर लाए हैं फिर भी यहां के कर्मचारियों द्वारा बोला गया है कि अभी ओर साफ़ करे एक भी कचड़ा न रहे एवं इसे ग्रेडिंग करवाई जाए तब तौल हो पाएगी। वही किसान कुंवर बहादुर पटेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि हम लोग आज केंद्र में धान साफ़ करके लाए है लेकिन आज यहां पर किसी की भी धान की तुलाई नहीं हुई है बोल रहे हैं कि बिना ग्रेडिंग के किसी की भी धान नहीं तुलेगी हम लोग खेतों में धान उगते हैं इस वर्ष बरसात अधिक हुई है जिस वजह से धान खेतों में गिर गई थी और धान हार्वेस्टर से कटी है हाथ से तो कटी नहीं है क्योंकि थोड़ी बहुत तो धान है नहीं की हाथ से काट ले जिस वजह से थोड़ा बहुत मिट्टी आही जाती है लेकिन यहां बोलते है ग्रेडर करो।

---

## महाविद्यालय अमानगंज में मनाया गया एड्स दिवस

**अमानगंज।**


शासकीय महाविद्यालय अमानगंज में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर पूनम सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय में संचालित रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर 2025 के उपलक्ष में एड्स जागरूकता एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर मनीष तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स के लक्षण एवं बचाव के बारे में बताया तत्पश्चात डॉक्टर जयपाल सिंह लोधी द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एचआईवी एड्स बीमारी के खिलाफ लड़ने और प्रभावित लोगों के प्रति हमें सहानुभूति दिखाना चाहिए और हम सबको मिलकर इसका व्यापक प्रचार




प्रसार करना चाहिए जिससे इस बीमारी से छुटकारा पाया जा सके। उपरोक्त कार्यक्रम में रेड रिबन प्रभारी डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी एनएसएस अधिकारी डॉक्टर प्रदीप खम्परिया डॉक्टर राजमणि तिवारी डॉक्टर दीपक बागड़ी श्री अशोक चौधरी डॉ पंकज विनोद मिश्रा श्री चंद्र कुमार प्रजापति श्री अरनव सेन एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

---

### सिमरिया-पन्ना मार्ग पर दो बाइक भिड़ीं, दो युवक घायल



**अमानगंज।** सिमरिया-पन्ना मुख्य सड़क मार्ग स्थित हिनौता ग्राम के समीप मंगलवार शाम 6 बजे दो मोटर बाइक की आमनेदृसामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में वनस्वरूप पिता रामस्वरूप कुशवाहा (28 वर्ष), निवासी तारा झरकुंआ तथा रामकिशोर पिता बिज्जू (22 वर्ष), निवासी घुटारिया शामिल हैं। टक्कर में रामकिशोर (बिज्जू) की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों को गंभीरता पूर्वक 112 वहां के माध्यम से स्टाफ प्रधान आरक्षक कल्पना बागरी पायलट जय कुशवाह के द्वारा गंभीरता पूर्वक अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल को आगे रेफर कर दिया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर तेज रफ्तार एवं अचानक सामने से आए वाहन की वजह से हादसा हुआ।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े



**छतरपुर।** शहर में अवैध रेत का परिवहन बेखौफ चल रहा था, जिस पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। मंगलवार को अधिकारियों ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि सटई रोड पर ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के सामने उन्होंने तहसीलदार पीयूष दीक्षित के साथ अवैध रेत परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ा। एसडीएम ने बताया है कि कलेक्टर के निर्देश पर समूचे जिले में अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है और रेत माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### बिलहरी गांव में मिले एक सैकड़ा से ज्यादा अवैध गैस सिलेंडर



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अवैध गैस सिलेंडरों एवं रिफिलिंग के विरुद्ध नौगांव एसडीएम जीएस पटेल के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही की है। मंगलवार को नौगांव के बिलहरी गांव में छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 108 घरेलू गैस सिलेंडर भरे और खाली बरामद किए गए। जिन्हें कारोबारी द्वारा अवैध रूप से संग्रहित किया गया था। अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा तैयार करते हुए सिलेंडरों को जब्त करते हुए सम्बंधित पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान तहसीलदार रमेश कॉल, खाद्य विभाग से ऋषि शर्मा उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की अवैध कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### सीएम हेल्प लाइन के निराकरण में लवकुश नगर निकाय अव्वल

**छतरपुर।** जिले भर में अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइनों पर प्राप्त शिकायतों का निरंतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइनों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे है। नवंबर माह में लवकुशनगर नगरीय निकाय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए संकेत भोंडवे आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने लवकुशनगर नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को शतप्रतिशत सीएम हेल्पलाइन निराकरण में उत्कृष्ट कार्य की सराहना का पत्र भेजा है। साथ ही विभाग की ओर से सीएमओ एवं नगर पालिका परिषद लवकुशनगर में सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा की है।

### जिले में सबसे पहले बारीगढ़ में पूरा हुआ एसआईआर का कार्य

**छतरपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल के निर्देशन में लगातार बीएलओ द्वारा गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। एसडीएम एवं ईआरओ बलबीर रमन के नेतृत्व में चंदला विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद बारीगढ़ में मतदान केंद्र 1 से लेकर 8 तक एसआईआर में गणना पत्रकों के सर्वे कार्य सहित डिजिटलाइजेशन का कार्य शतप्रशित पूर्ण किया गया है। जिसमें लक्ष्यानुसार 7158 मतदाताओं का 2003 के एसआईआर अनुरूप डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीएमओ बारीगढ़ अजय अग्निहोत्री एवं एईआरओ शारदा सोनी सहित समस्त बीएलओ और टीम को बधाई दी है।

## गुमराह कर भंग कराई गई मत्स्य उद्योग समिति

# न्याय की गुहार लगाने कलेक्टर जनसुनवाई पहुंचे पीड़ित

**छतरपुर।** जिले की एक सहकारी समिति के सदस्यों ने आज कलेक्टर की जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी आजीविका के एकमात्र सहारे को पुनर्जीवित करने की मांग की। पीड़ित मछुआरों ने समिति के भंग होने पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें चुनाव कराने के नाम पर गुमराह किया और उनके त्यागपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए।



बाद में इन्हीं हस्ताक्षरों का उपयोग दुर्भावनापूर्वक समिति को परिसमापन (लिक्विडेशन) में डालने के लिए किया गया, जिससे सैकड़ों गरीब मछुआरों की रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। भेलनपुरवा स्थित छन्ना सागर मत्स्य उद्योग एवं सिंघाड़ी उद्योग सहकारी समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि राजेश रैकवार नामक व्यक्ति द्वारा दुर्भावनापूर्वक चाल चलते हुए समिति को 31 मार्च 2020 को परिसमापन में डाल दिया गया। मछुआरों ने बताया कि उनकी समिति का पंजीयन क्रमांक 483 दिनांक 10-09-1984 से मान्य है और वे वर्षों से इसी के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे थे। समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि चुनाव कराने के नाम पर उन्हें गुमराह किया गया और उनके त्यागपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए गए, जिसका उपयोग बाद में समिति को भंग कराने के लिए किया गया। गरीब मछुआरों की रोज़ी-रोटी पर बड़ा संकट खड़ा होने के कारण, पीड़ित महिलाओं ने भी जनसुनवाई में उपस्थित होकर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि वे पिछले तीन जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर आईं, लेकिन हर बार कार्रवाई न होने के कारण मायूस होकर लौटना पड़ा। समिति के सदस्यों ने कलेक्टर से आग्रह किया कि उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा रही यह समिति पुनः संचालित की जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकें। लगातार तीन जनसुनवाई से मायूस लौट रहे पीड़ितों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई है।

## आर्थिक सहायता के लिए जनसुनवाई में दिया आवेदन



### हादसे में मजदूर युवक ने गंवाए दोनों हाथ

**छतरपुर। शहर के पन्ना नाका के पास एक निजी मकान में काम करने के दौरान एक मजदूर युवक हादसे का शिकार हो गया था, जिसके बाद इलाज के दौरान उसने अपने दोनों हाथ गंवा दिए। वर्तमान में मजदूर युवक आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। मंगलवार को उसने प्रशासनिक सहयोग राशि प्राप्त करने के लिए कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन दिया।**

पीड़ित शंकर रैकवार निवासी माधौपुर ने बताया कि लगभग चार माह पहले पन्ना नाका के पास एक निजी मकान में काम करने के दौरान उसे करंट लगा था, जिससे उनके दोनों हाथ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे और इलाज के दौरान उन्हें काटने पड़े। प्रार्थी ने अपनी शिकायत में ठेकेदार सैफ अली की लापरवाही को इस दुर्घटना का कारण बताया। शंकर रैकवार ने आवेदन देकर शासन से मांग की है कि जीवनयापन करने हेतु उन्हें तुरंत राहत राशि दिलाई जाए। जनसुनवाई में उपस्थित एसडीएम अखिल राठौर ने पीड़ित को आश्वासन दिया है कि प्रशासन से जो भी संभव सहयोग होगा, जिससे पीड़ित की सहायता की जाएगी, वह सुनिश्चित किया जाएगा।

## दरवाजे में जमा हो रहा कीचड़, नहीं बन रही सड़क

**छतरपुर।** गौरिहार जनपद के एक गाँव में सड़क निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी से स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। बारिश के मौसम में हालत और भी बदतर हो जाते हैं, क्योंकि रास्ते में कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए स्थानीय निवासियों ने कई बार आवेदन दिए हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने से उनमें गहरा आक्रोश है और वे न्याय की गुहार लगा रहे हैं। ग्राम खड़ेही निवासी रत्नेश तिवारी ने बताया कि सड़क न होने के कारण उन्हें और अन्य ग्रामवासियों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बहुत दिक्कत होती है और दरवाजे में कीचड़



जमा है, जिससे निकलने में भारी परेशानी हो रही है। श्री तिवारी ने बताया कि वह इस संबंध में कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है। रत्नेश तिवारी ने सड़क बनवाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि कई बार आवेदन देने के बावजूद भी सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों का दैनिक जीवन बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से माँग की है कि इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए सड़क निर्माण का कार्य तुरंत शुरू किया जाए।

## लापता भैंसों की तलाश कराने एसपी के पास पहुंचा किसान

### पुलिस पर लगाए लापरवाही और रिश्वत मांगने के आरोप

**छतरपुर।** मंगलवार को एक किसान ने अपनी गुम हुई भैंसों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। पीड़ित का आरोप है कि उसने अपनी गुम हुई भैंसों को एक अन्य व्यक्ति के पास बँधा हुआ देखा, लेकिन स्थानीय थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया और आरोपी का पक्ष लिया। इतना ही नहीं, पुलिस पर रिश्वत मांगने का भी आरोप है। ग्राम गोपालपुरा निवासी वासू भील ने बताया कि उसने अपनी 6 भैंसों को चराई पर



छोड़ा था, जो शाम तक वापस नहीं लौटीं। वासू ने आरोप लगाया कि खोजबीन के बाद वह शाहगढ़ थाना गया था लेकिन पुलिस ने एफ़आईआर दर्ज करने के बजाय केवल आवेदन लिया और तलाश का आश्वासन दिया। छह माह बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच वासू ने अपनी तलाश जारी रखी और ग्राम बरतला में पप्पू सरार के घर पर उसी हुलिए की चार भैंसें बंधी हुई देखीं। जब वासू ने उन्हें वापस माँगा तो पप्पू ने भैंसें अपनी बताकर गाली-गलौज की। वासू का आरोप है कि शाहगढ़ पुलिस अब यह कहकर पल्ला झाड़ रही है कि पहले दिए आवेदन में हुलिया नहीं लिखा था। साथ ही, उसने पुलिस पर रिश्वत लेकर पप्पू का पक्ष लेने और भैंसें दस्तयाब करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि उसकी बची हुई चार भैंसें दस्तयाब कराई जाएँ और आरोपी पप्पू सरार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए।

## 9 माह पहले हुई मारपीट के मामले में नहीं हुई कार्रवाई



### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिया आवेदन

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के एक पुराने मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से आहत एक पीड़ित न्याय की गुहार लगाने के लिए एसपी कार्यालय पहुँचा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि नौ माह पहले हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था, लेकिन वर्तमान प्रधान से राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ग्राम मिढ़का, पोस्ट चितहरी, थाना लवकुशनगर निवासी नरेन्द्र कुमार राजपूत ने आवेदन देते हुए बताया कि लगभग नौ माह पहले उनके परिवार के साथ मारपीट हुई थी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था, लेकिन पुलिस आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विवाद वर्तमान प्रधान से है और राजनैतिक दबाव के चलते पुलिस द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीड़ित ने यह भी शिकायत की कि 181 हेल्पलाइन पर तीन बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद, पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसे धमकाना शुरू कर दिया है। नरेन्द्र राजपूत ने आरोप लगाया कि पुलिस के सामने ही उनके परिवार से मारपीट की गई थी, और अब वह पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच की मांग कर रहे हैं।

## विकलांग बुजुर्ग की जमीन पर कब्जे का प्रयास

### जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** कलेक्टर की जनसुनवाई में मंगलवार को एक विकलांग बुजुर्ग, उसकी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के प्रयास और लगातार मिल रही प्रताडऩा की शिकायत लेकर पहुँचा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गाँव के सरपंच सहित कुछ दबंग लोग उसकी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई है।



ग्राम बछरौनिया निवासी विकलांग सुंदर यादव ने आवेदन देते हुए गाँव के सरपंच और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़ित सुंदर यादव ने बताया कि लंबे समय से उसकी तीन एकड़ जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा रही है, तथा विरोध करने पर उसके साथ कई बार मारपीट भी की गई है। पीड़ित के अनुसार अब तक तीन बार हमला हो चुका है और चौकी के पास रास्ते में रोककर लूटपाट की घटना भी हुई है, जिसकी शिकायत वह एसपी और डीआईजी तक कर चुका है। बुजुर्ग ने बताया कि उसके पास तीन एकड़ जमीन है, जिस पर कब्जा करने के लिए कदवा पंचायत के सरपंच पूरन यादव सहित रज्जन यादव, विनोद यादव, गौरीशंकर यादव, भूरा और बब्लू द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है तथा पैसे की मांग की जा रही है। सुंदर यादव ने यह भी बताया कि पड़रिया चौकी में पदस्थ एक महिला अधिकारी ने उसे धमकाते हुए कहा कि उसका आधार कार्ड फर्जी बताया जाएगा और उसे जेल भेज दिया जाएगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने कल्लू यादव को प्लॉट बेचा था, जिसके बाद से ही यह विवाद बढ़ा है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से न्याय की मांग करते हुए सुरक्षा और भूमि संरक्षण की गुहार लगाई है।

## श्रीमद्भागवत कथा में उल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



### नंद के आनंद भयो के जयघोष से गूंज उठा गढ़ी हनुमान मंदिर

**ईशानगर।** नगर के प्राचीन गढ़ी हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बीती रात भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का भव्य उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। रात ठीक बारह बजे श्रीकृष्ण जन्म की घोषणा होते ही पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने उत्सव मनाने के लिए फूलों की वर्षा की और दीप जलाकर वातावरण को दिव्य बना दिया।

इस दौरान कथा वाचक आचार्य पंडित मुन्ना महाराज पहाडग़ांव ने भगवान की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण का अवतरण अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उन्होंने सभी से श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने और नित्य गीता का पाठ करने का आह्वान किया। जन्मोत्सव के अवसर पर अधिकतर श्रोतागण पीले वस्त्र धारण किए हुए थे, जिससे पंडाल और भी ज्यादा कृष्णमय हो गया। कथाव्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण का अवतरण अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिसमें महिलाओं ने भजन-कीर्तन पर खूब नृत्य किया। मंदिर पुजारी बृजेंद्र चौबे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिवा महाराज, जीतू राजा, लकी दीक्षित, संतोष सेन, रामू राय, रूप सिंह, मुन्ना गुप्ता ने प्रसाद वितरण और सुंदर झाँकियों की सुंदर व्यवस्था की। कथा का समापन 3 दिसंबर को पूर्णाहुति व 4 दिसम्बर को भंडारे के साथ होगा।

## पाली के शिक्षक का नशे में वीडियो वायरल, ग्रामीणों में रोष, अधिकारी बोले होगी कार्यवाही

**बकस्वाहा। बकस्वाहा विकासखंड की नवीन प्राथमिक शाला मजरा टोला (पाली) से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। स्कूल के शिक्षक भगुंता अहिरवार का नशे में धुत होकर स्कूल आने और बच्चों को कॉलर पकड़कर बाहर फेंकने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक रोजाना नशे की हालत में स्कूल आते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। बीईओ और बीआरसी की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां वीडियो में दिखी घटनाएँ सही पाई गईं।



### ग्रामीणों का आरोप,स्कूल में ही शराब पीते हैं शिक्षक

गांव के हल्के भाई महेश यादव ने बताया शिक्षक भगुंता अहिरवार हमेशा नशे में रहते हैं। कई बार स्कूल में ही शराब पीते हैं। बच्चों को कॉलर पकड़कर बाहर निकाल देते हैं। हमारी बेटियां भी इसी स्कूल में पढ़ती हैं, इसलिए डर रहता है। सरकार ऐसे नशेड़ी शिक्षक क्यों भेजती है, समझ नहीं आता।

### बच्चों ने बताई दर्दनाक कहानी

स्कूल के छात्र विजय यादव और रानी ने बताया मासाब नशे में आते हैं और हमें दोपहर 1 बजे ही बाहर निकालकर खुद चले जाते हैं। कई बार स्कूल में ही शराब लाते हैं और पीते हैं। नशे में मारते भी हैं, इसलिए हम स्कूल आने से डरते हैं। जांच में यह भी सामने आया कि शिक्षक भगुंता अहिरवार पहले भी बदसलूकी और नशे की वजह से विवादों में रहे हैं। मार्च माह में नीति आयोग की टीम जब निरीक्षण के लिए स्कूल पहुंची थी, तब भी वे नशे की हालत में मिले थे।असभ्य व्यवहार के चलते उन्हें तत्काल निलंबित किया गया था। बाद में अक्टूबर में उनकी बहाली कर उन्हें प्राथमिक शाला पाली भेजा गया, लेकिन नशे की आदत नहीं बदली। जिला शिक्षा अधिकारी अरुण शंकर पांडे ने बताया शिक्षक के नशे में स्कूल आने की शिकायत सही पाई गई है। उनके खिलाफ बर्खास्त करने की कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

## टावरों का सामान चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश



### चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ व्यापारी को भी पुलिस ने दबोचा

**छतरपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने मोबाइल टावरों के 5जी उपकरण चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में टावर से चोरी करने वाले कर्मचारी से लेकर चोरी का सामान खरीदने वाले बड़े कबाड़ व्यापारी तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी के क्षतिग्रस्त एल्युमीनियम धातु के पुर्जे और उनकी बिक्री से प्राप्त नगद राशि भी बरामद की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा के पास जिओ टावर के केबिन से 5जी उपकरण चोरी संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा प्रकरण की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही थी। इस मामले में पुलिस टीम ने आरोपी कर्मचारी लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम देवरी, थाना चंदला को गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर उसने मशीनी उपकरण चोरी कर कबाड़ व्यापारी को बेचना स्वीकार किया। चोरी का सामान खरीदने वाले दो कबाड़ व्यापारी अनस मलिक निवासी ग्राम सरधना, थाना सरधना, जिला मेरठ, उ.प्र. और शारिख उर्फ बिट्टू नि. व्यावरा, थाना सिटी व्यावरा, जिला राजगढ़, म.प्र. को दबिश देकर जिला राजगढ़ से गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम द्वारा इस घटना में सम्मिलित बड़े कबाड़ व्यापारी इरशाद मलिक पिता खुर्शीद मलिक निवासी जागीर कॉलोनी, फतल्लापुर रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के पास से एल्युमीनियम धातु की क्षतिग्रस्त प्लान मशीन को खोलकर अंदर की पार्ट विक्रय में प्राप्त नगद राशि बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा बारीकी से पूछताछ पर आरोपियों ने अन्य जिलों के टावरों से भी चोरी की कड़ी में सम्मिलित होना स्वीकार किया है।

**नाम सुधार सूचना**

मै प्रगति कुमार मेहता पिता श्री अनील कुमार मेहता उम्र 51 वर्ष निवासी- एम.आई.जी. 159, नवजीवन बिहार कॉलोनी, पो. विन्ध्यनगर तह. व जिला सिंगरौली (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ मेरे पुत्र का नाम जयांश प्रगती मेहता (Jayansh Pragati Mehta) एवं जन्म तिथि 07/08/2009 है। जो कि उसके आधार कार्ड में अंकित है। मेरे उक्त पुत्र के DELHI PUBLIC SCHOOL, VINDHYANAGAR के अंकसूची एवं रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम JAYANSH MEHTA अंकित किया गया है। उक्त दोनो नाम जयांश प्रगती मेहता (Jayansh Pragati Mehta) एवं JAYANSH MEHTA एक ही व्यक्ति यानी मेरे पुत्र के ही नाम है जिसे सुधार कर मेरे पुत्र के स्कूल के रिकार्ड में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम जयांश प्रगती मेहता (Jayansh Pragati Mehta) अंकित किया जाय।

शपथकर्ता CMN-11525

## खबर संक्षेप

### जिले में धान का उपार्जन शुरू - आज हुई 8203 क्विंटल खरीद

रीवा। रीवा जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है। पंजीकृत किसानों से सामान्य औसत किस्म का धान 2369 रुपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। जिले में 2 दिसम्बर को 25 खरीदी केन्द्रों में 151 किसानों से 8203.77 क्विंटल धान की खरीद की गई है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि खरीदी केन्द्र बहुरीबांध, करहिया, नवागांव, बरहुला, बदवार, खैरा, मनिका, परसिया, सुदर्शन वेयरहाउस, मोहरवा, बम्हौरी, बिहरा, गुढ़, रघुराजगढ़, वीरखाम, खौर, गंगेव, पथरहा, पड़रिया, टीकर, जवा, सूर्यकांत वेयरहाउस, ओम कामता वेयरहाउस बैकुंठपुर, एसएस एग्रो सेंटर डेल्ही तथा मनिकवार खरीदी केन्द्रों में धान की आवक शुरू हो गई है। किसान उपार्जन के लिए धान सुखाकर लाएं। धान साफ-सुथरी रहे।

### गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पहुंचा 99.18 प्रतिशत

रीवा। रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो रहा है। अब केवल अनमैप्ड मतदाता तथा छूट हुए मतदाताओं का सत्यापन शेष है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। जिले में शेष बचे मतदाताओं का सत्यापन तीन दिवस में पूरा हो जाएगा। जिले में 2 दिसम्बर को शाम 6 बजे तक 1379086 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। सेमरिया, त्योंथर और गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों में सौ प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। शेष विधानसभा क्षेत्रों में भी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा होने के करीब है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक जिले में कुल 99.18 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 99.91 प्रतिशत, सेमरिया में 100 प्रतिशत, त्योंथर में 100 प्रतिशत, मनगवां में 98.80 प्रतिशत, रीवा में 96.31 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 224508, सेमरिया में 228658, त्योंथर में 220786, मनगवां में 249168, रीवा में 218612 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 273373 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने सभी एआरओ को निर्देश देते हुए कहा है कि जिन मतदान केन्द्रों में सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है उनके बीएलओ को बुलाकर अनमैप मतदाताओं का सत्यापन कराएं। गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का कार्य तीन दिसम्बर तक हर हाल में पूरा करें।

### तेज रफ्तार कार आमने सामने से टकराई

रीवा। रीवा- सिरमौर मार्ग में सोमवार को विपरीत दिशा से आ रही दो तेज रफ्तार कारों के बीच आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। घटना में कार सवार बाल बाल बच गए हैं। हादसा बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हरदी मोड़ के पास हुआ। बताया गया कि अचानक सामने आई दो कारे आपस में जा टकराई है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो एक कार हरदी मार्ग की तरफ से बैकुंठपुर की ओर आ रही थी, जैसे ही वह हर्दी मोड़ स्थित तिराहे के पास पहुंची तभी बैकुंठपुर से रीवा की ओर जा रही दूसरी कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। अचानक हुए इस हादसे में दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है, लेकिन कार सवार बच गए जिससे लोगों ने राहत महसूस की और बड़ा हादसा टल गया।

### विश्व एड्स दिवस पर निर्माणाधीन साइटों पर जागरूकता अभियान

रीवा। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की रीवा इकाई के अंतर्गत सभी पैकेजों की निर्माणाधीन साइटों पर श्रमिकों और स्थानीय लोगों को एआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एआईवी के फैलने के कारणों के बारे में जानकारी देना, इससे बचाव के उपाय समझाना तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व को उजागर करना है। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सुरक्षित व्यवहार, व्यक्तिगत सावधानियों और कार्यस्थल पर स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, ताकि वे स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें। इस जागरूकता अभियान के सफल आयोजन में संविदाकार का स्टाफ, सब-इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर और सोशल सेफगार्ड प्रोफेशनल का विशेष सहयोग रहा।

## कमिश्नर्स- कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही के निर्देश

# ई आफिस में रीवा संभाग को टाप-10 में पहुंचाएं - कमिश्नर


**कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि कमिश्नर-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों से जुड़े बिन्दुओं पर सभी अधिकारी तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिला स्तरीय अधिकारियों से निर्धारित बिन्दुओं के संबंध में नियमित रूप से प्रतिवेदन लें।**

रीवा।



सीएम हेल्पलाइन में वर्तमान माह तथा 50 दिन से अधिक अवधि में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका तत्परता से निराकरण कराएं। संभागीय अधिकारी भी लंबित पत्रों के कम से कम पाँच आवेदकों से स्वयं संपर्क करके आवेदन पत्र का निराकरण सुनिश्चित करें। ई आफिस व्यवस्था में सभी अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। ई आफिस में संभागों की ग्रेडिंग में रीवा संभाग प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। संभाग और जिलों की सम्मिलित रैंकिंग में संभाग 11वें स्थान पर है। सभी अधिकारी फाइल क्रियेशन और मूवमेंट में गति लाकर संभाग को सामूहिक रैंकिंग में टाप-10 में पहुंचाएं। जिला स्तरीय कार्यालयों में भी ई आफिस प्रणाली लागू होने की समीक्षा करें।कमिश्नर ने कहा कि खाद की नियमित आपूर्ति हो रही है। सहकारी समिति तथा डबल लॉक केन्द्रों से खाद का व्यवस्थित वितरण कराएं। खाद वितरण केन्द्र में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। गेंहू में सिंचाई शुरू होते ही यूरिया खाद की मांग बढ़ेगी। यूरिया का पर्याप्त भण्डारण कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन नए मिल्क रूट निर्माण तथा गौशालाओं के संचालन की निगरानी करें। कामधेनु योजना में लक्ष्य के अनुसार प्रकरण दर्ज कराकर दिसम्बर में ही स्वीकृत और वितरित कराएं। स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास के अधिकारी संभाग और जिला स्तर पर संयुक्त रूप से स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की जाँच, टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, शिशु मृत्यु दर एव मातृ मृत्यु दर को नियंत्रित करने के प्रयासों तथा कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करें। जिला स्वास्थ्य समिति और जिला पोषण समिति की हर माह बैठक आयोजित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा पीएम विश्वकर्मा के बैंकों में लंबित प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में सभी संभागीय अधिकारी भ्रमण पर जाएंगे। पहला दौरा दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में सतना जिले के मझगवां ब्लाक में होगा। इसके बाद सीधी जिले के कुसमी और सिंगरौली जिले के चितरंगी ब्लाक का दौरा होगा। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों का भी निराकरण कराएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलआर अहिरवार, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय तथा संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट समान थाना क्षेत्र की घटना



रीवा। पुरानी रंजिश में युवक का अपहरण कर मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है की पुरानी रंजिश में दोस्तों ने ही युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की। परिजनों ने पुलिस पर भी पीड़ित को घटनास्थल से थाने तक लाने के दौरान उल्टा मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना परिसर में पीड़ित युवक के परिजनों और पुलिस के बीच हुई बातचीत का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी दी गई कि शहर के समान थाने के पास नए बस स्टैंड में युवक चाय पी रहा था, तभी दो अलग-अलग बाईकों में सवार होकर चार की संख्या में आए युवक जबरन पीड़ित युवक को अपने साथ बाइक में बिठाकर घोघर के पचमठा ले गए। पीड़ित की माने तो आरोपियों ने पुरानी रंजिश में उसके साथ मारपीट की। परिजनों की माने तो पीड़ित युवक के शरीर पर आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं, बावजूद इसके जब आरोपियों के चंगुल से युवक छूटा तो उसे लेने पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उल्टा पीड़ित युवक के साथ ही मारपीट की।बताया गया कि पुलिस सामान्य मामला पंजीबद्ध किया है, जबकि आरोपी युवक का अपहरण कर उसे बंधक बनाते हुए बंदूक की नोक पर डंडों और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट किए है। घटना के बाद समान पुलिस पूरे मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच में लगी हुई है।

# कलेक्टर ने 50 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई

रीवा।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 50 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संयुक्त कलेक्टर जीपी अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। जनसुनवाई में सिरमौर तहसील के ग्राम बैकुंठपुर निवासी सियादुलारी सहित अन्य ने अवैध कब्जा किए जाने से बेदखली हेतु कार्यवाही का आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। मनगवां तहसील के ग्राम दुअरा निवासी अनिल शुक्ला सहित अन्य ग्रामवासियों ने घरों में विद्युत सप्लाई बंद होने तथा लटकते केबिल से जनहानि होने की की शिकायत की। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री को तत्काल समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। हुजूर तहसील के ग्राम निपनिया निवासी कृष्ण कुमार पटेल ने अपनी भूमि का खसरा एवं रकवा की जांच कराने तथा भूमिस्वामी घोषित किए जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख को कार्यवाही के निर्देश दिए। रीवा में रहकर आईटीआई की पढ़ाई करने वाले छिंदवाड़ा जिले के ग्राम गुरैया निवासी दिव्यांग विजेंद्र चौकसे ने आर्थिक सहायता प्रदान करने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लालगांव के ग्राम भौखरी निवासी पुष्पेंद्र मिश्रा ने खसरा सुधार का आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार को कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम बघवारी निवासी दयानंद उपाध्याय ने अपने पट्टे एवं कब्जे की भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आवेदन पत्र के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गहिरा निवासी जितेंद्र मिश्रा ने जमीन नामांतरण, ग्राम कुशहा निवासी लोकेश्वर प्रसाद मिश्र ने मुख्य मार्ग से जुड़ने वाले पहुंच मार्ग को खुलवाने के विषय में आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम महासांव निवासी प्रेमलाल चौरसिया ने बिजली के करंट में फसकर हुई पुत्र की मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम गुढ़ को प्रकरण की जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवविवाहिता की मौत मामले में ससुर गिरफ्तार पति की तलाश जारी

रीवा।



गुढ़ थाना क्षेत्र के गुढ़वा में नवविवाहिता की गला घोटकर हत्या करने के मामले में गुढ़ पुलिस ने ससुर और मृतका के पति के खिलाफ दहेज प्रताडऩा सहित हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध किया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पति की तलाश जारी है। घटना के बाद से ही आरोपी पति फरार है। 29 नवंबर की सुबह पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। मृतका नेहा के जेठ पुष्पराज पटेल ने बताया था कि उसका भाई रंजीत और भयाहू नेहा पटेल अपने कमरे से बाहर नहीं निकले तो उसके पिताजी ने आवाज दिया एवं देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है। कमरे का दरवाजा खोलने पर देखे कि नेहा पटेल कमरे के अंदर जमीन पर पड़ी थी। जब वो मौके पर पहुंचे तो देखा की नेहा पटेल कमरे में पलंग के नीचे चित हालत मे पड़ी थी एवं गले में सफेद गमछा कसकर बंधा हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई थी। मायके पक्ष के लोगों ने घटना की सूचना के बाद पुलिस को बताया कि दहेज की मांग को लेकर नेहा को उसका पति और ससुर प्रताड़ित करते थे। करीब 30 घंटे बाद मृतका का अंतिम संस्कार हो सका था। मायके पक्ष के लोगों ने एसपी से भी मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने पीएम के बाद हत्या का मामला पंजीबद्ध किया था। जिसके बाद मृतका के ससुर श्रीकृष्ण पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।दहेज में बाइक नहीं मिलने से कर रहे थे प्रताड़ितगुढ़ पुलिस ने बताया कि मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि मृतका नेहा पटेल के ससुर कृष्ण पटेल एवं पति रंजीत पटेल दहेज मे मोटर साईकल नहीं मिलने के कारण नेहा पटेल के साथ मारपीट कर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उक्त दहेज नहीं मिलने के कारण 28- 29 नवंबर की दरमियानी रात आरोपी पति रंजीत पटेल ने पत्नी नेहा पटेल को कमरे में सफेद गमछा से गला घोंटकर हत्या कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी रंजीत पटेल व उसके पिता श्रीकृष्ण पटेल के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया था जिसके बाद आऱोपी ससुर श्रीकृष्ण पटेल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है।




# कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

रीवा।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, प्रभारी अधिकारी खनिज बसंतराम, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा टीआर नेताम, उप संचालक मण्डी तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी ई रिक्शा से कार्यालय पहुंची।

## मऊगंज सिविल अस्पताल की खस्ताहाल व्यवस्था पर कलेक्टर ने बीएमओ को जारी किया नोटिस

मऊगंज



जिले की सिविल अस्पताल में लगातार मिल रही लापरवाही और अव्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बीएमओ एवं प्रभारी सिविल अस्पताल डॉ. प्रदुम्न शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग की निरीक्षण रिपोर्ट में कई गंभीर खामियां सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है।जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 नवंबर को किए गए निरीक्षण में अस्पताल प्रबंधन की स्थिति बेहद खराब पाई गई। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि अस्पताल परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 का उल्लंघन हो रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा बन सकता है।इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की भर्ती प्रक्रिया से जुड़े केस शीट और रिकॉर्ड का सुरक्षित रख-रखाव नहीं पाया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए यह भारी लापरवाही मानी जा रही है।निरीक्षण दल ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था को अत्यंत खराब बताते हुए कहा कि मरीजों के बेड एवं वार्ड में बुनियादी व्यवस्थाएं भी दुरुस्त नहीं थीं। इतना ही नहीं, आउटडोर (ओपीडी) के समय डॉक्टर और जिम्मेदार स्टाफ अनुपस्थित पाए गए, जो सीधे-सीधे चिकित्सकीय जिम्मेदारी से समझौता है।कलेक्टर ने नोटिस में बीएमओ डॉ. शुक्ला से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट कहा गया है कि यदि जवाब असंतोषजनक पाया गया या निर्धारित समय पर प्रस्तुत नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।जिले में पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सवाल उठ रहे थे, वहीं इस रिपोर्ट ने अस्पताल प्रशासन की पोल खोलकर रख दी है। लगातार मिलती शिकायतों के बाद भी हालात नहीं सुधरने से स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर से करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में एक पकड़ाया, 3 दिन की रिमाण्ड में आरोपी

रीवा। श्रीजी इन्फास्ट्रक्चर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड रीवा से धोखाधड़ी कर 06 करोड़ रुपये का गबन करने के मामले में विश्वविद्यालय पुलिस ने 1 आरोपी को कटनी से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायायल में पेश किया जहां से तीन दिन की रिमाण्ड ली गई है। पूरी घटना का मास्टरमाइंड अतुल पाठक अभी फरार है, मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण पंजीबद्ध किया था जिसके बाद मुख्य आरोपी अतुल पाठक के पिता काशी प्रसाद पाठक को पुलिस ने कटनी से गिरफ्तार किया है। समान थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि इस मामले में गबन की गई राशि का आकड़ा बढऩे की संभावना है, खाते के ट्राजेक्शन डिटेल की विवेचना जारी है, वहीं कुछ राशि बिना ट्रांजेक्शन के भी ली गई है। श्रीजी कंपनी के चीफ फाइनेंसियल अधिकारी हिमांशु कलरैया निवासी मकान नम्बर 12 ड्रीम ग्लोरी गुजराती कालोनी बावडिया कला थाना शाहपुरा भोपाल (म0प्र0) ने समान थाना में आवेदन दिया कि आरोपीगण द्वारा श्रीजी इन्फास्ट्रक्चर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जिला रीवा के खाता से माह अप्रैल वर्ष 2018 से माह अगस्त वर्ष 2025 के मध्य मुख्य आरोपी अतुल पाठक द्वारा कम्पनी के डायरेक्टर संजय सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर एक अतिरिक्त चेक बुक जारी करया गया। इसके बाद आरोपी अतुल ने अपने हित में उक्त चेक बुक के माध्यम से डायरेक्टर संजय सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर स्वयं व अन्य रिश्तेदारों के पृथक-पृथक खातों में फर्जी ट्रांजेक्शन कर करोड़ो रुपए की राशि डकार ली। करीबन 6 करोड़ 9 लाख 45 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाने की शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच उपरान्त पुलिस ने बीएनएस एवं आईटी एक्ट के धाराओं में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर मामले के आरोपियो की पता तलास की गई, जिसके बाद समान थाना पुलिस आरोपी काशी प्रसाद पाठक को पकड़ा है बताया गया कि आरोपी अतुल ने अपने पिता के खतो में 30 लाख रुपये का ट्रान्जेक्शन किया था।इस तरह पकड़ी गई थी करोड़ो की धोखाधड़ीपुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कंपनी के अधिकरियों ने बताया कि जून 2025 में कंपनी के भोपाल कार्यालय के कुछ कर्मचारियों के नौकरी छोडऩे के बाद कंपनी ने अतुल पाठक का ट्रांसफर रीवा से भोपाल कर दिया था। जिसके बाद उसकी जगह अन्य कर्मचारी को रीवा में नियुक्त किया गया। नए कर्मचारी ने दस्तावेजों की जांच की तो अनियमितताएं सामने आने लगीं। इसके बाद कंपनी ने आंतरिक ऑडिट कराई तो करोड़ों की राशि फर्जी हस्ताक्षर कर डकारने की बात सामने आई। आरोपी ने करोड़ो रुपए की राशि अलग-अलग खाते में ट्रांसफर किए जिसके खुद के खाते के साथ ही अपने परिवार के लोगों के खाते में राशि डाली गई। उक्त पैसों से रीवा, सतना और कटनी में कई प्लॉट खरीदे। अतुल ने पत्नी ममता पाठक के नाम कटनी में जमीन खरीद कर मकान बनवाया है, वही दूसरी जमीन पर निर्माण जारी है।